प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार बुलेटिन
18.45 मंगलवार    दिनांक 25.09.2025

मुख्य समाचारः–

- नई दिल्ली में आयोजित इन्वेस्टर कनेक्ट कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ को मिले छह हजार आठ सौ करोड़ रूपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव।

- मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण–एसआईआर के तहत प्रदेश में एक करोड़ बारह लाख से अधिक गणना प्रपत्रों का किया जा चुका है डिजिटलीकरण।

- नारायणपुर जिले में आज उन्नीस महिला सहित अट्ठाईस माओवादियों ने किया आत्मसमर्पण।

- प्रदेश में बढ़ती ठंड और शीतलहर के मद्देनजर स्वास्थ्य विभाग ने आवश्यक दिशा–निर्देश जारी किए।

<u>इन्वेस्टर कनेक्ट कार्यक्रम</u>

नई दिल्ली में आयोजित इन्वेस्टर कनेक्ट कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ को छह हजार आठ सौ करोड़ रूपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव मिले हैं। स्टील, ऊर्जा और पर्यटन सहित विभिन्न क्षेत्रों की प्रमुख कंपनियों ने राज्य में उद्योग स्थापित करने, होटल निर्माण और वेस्ट–टू–एनर्जी प्रोजेक्ट के लिए रुचि दिखाई है। इन परियोजनाओं से छत्तीसगढ़ में आने वाले वर्षों में तीन हजार से अधिक रोजगार के अवसर सृजित होंगे।

इन्वेस्टर कनेक्ट कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने उद्योग जगत के प्रमुख निवेशकों, विशेषज्ञों और प्रतिनिधियों से छत्तीसगढ़ में निवेश की संभावनाओं पर चर्चा की और स्टील तथा टूरिज़्म सेक्टर की कई कंपनियों

को निवेश प्रस्ताव पत्र सौंपे। उन्होंने बताया कि अब तक छत्तीसगढ़ को सात करोड़ नब्बे लाख रूपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हो चुके हैं।

इन्वेस्टर कनेक्ट कार्यक्रम में प्रदेश के उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन भी मौजूद थे।

<u>भारत अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला</u>

नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित भारत अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले में कल छत्तीसगढ़ के लोक कलाकारों ने पारंपरिक नृत्य–शैली और विविध लोक कला की प्रस्तुति दी। गौरा–गौरी, भोजली, राउत नाचा, सुआ नृत्य, पंथी और करमा नृत्य जैसी प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने छत्तीसगढ़ पवेलियन का अवलोकन किया और विभिन्न स्टॉलों में प्रदर्शित कला–कृतियों, हस्तशिल्प और उत्पादों को देखा। उन्होंने कलाकारों और उद्यमियों द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की।

<u>मुख्यमंत्री–रेल/स्वास्थ्य मंत्री मुलाकात</u>

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज नई दिल्ली में केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात की। इस दौरान दोनों के बीच छत्तीसगढ़ में रेल सुविधाओं के विस्तार और नये रेल प्रोजेक्ट्स की प्रगति के संबंध में चर्चा हुई। श्री साय ने रेल मंत्री से आग्रह किया कि स्वीकृत परियोजनाओं को निर्धारित समय पर पूरा किया जाए, जिससे लोगों, उद्योगों और व्यापारियों को बेहतर परिवहन सुविधाएं मिल सकें। वहीं, केंद्रीय रेल मंत्री ने कहा कि रेल मंत्रालय छत्तीसगढ़ में रेल कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा से भी नई दिल्ली स्थित उनके निवास पर सौजन्य भेंट की। इस दौरान राज्य के स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत करने और बेहतर चिकित्सा सुविधाओं के विस्तार पर चर्चा हुई।

एसआईआर

भारत निर्वाचन आयोग ने कहा है कि विशेष गहन पुनरीक्षण—एसआईआर के दूसरे चरण में निन्यानवे प्रतिशत से ज्यादा गणना प्रपत्र मतदाताओं के बीच वितरित किए जा चुके हैं। अब तक पचास करोड़ पचास लाख से ज्यादा गणना प्रपत्र वितरित किए गए हैं।

इधर, छत्तीसगढ़ में एक करोड़ बारह लाख से अधिक गणना प्रपत्रों का डिजिटाइजेशन किया जा चुका है, जो पंजीकृत मतदाताओं का लगभग तिरपन प्रतिशत है। मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण—एसआईआर के तहत बूथ लेवल अधिकारी—बीएलओ घर—घर जाकर मतदाताओं द्वारा भरे गए गणना प्रपत्रों को जमा कर रहे हैं।

एसआईआर के तहत गणना प्रपत्र भरने और डिजिटाइजेशन कार्य में बेहतर प्रदर्शन करते हुए मुंगेली जिला पूरे प्रदेश में पहले स्थान पर है।

गौरतलब है कि एसआईआर का दूसरा चरण चार नवंबर से नौ राज्यों और तीन केंद्रशासित प्रदेशों में शुरू हुआ है, जो चार दिसंबर तक जारी रहेगा।

भाजपा—बैठक

मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण—एसआईआर को लेकर आज रायपुर स्थित प्रदेश भाजपा कार्यालय में बैठक आयोजित की गई। बैठक में भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री तरुण चुग, प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा सहित सांसद, मंत्री, विधायक और भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी शामिल हुए। एसआईआर को लेकर श्री चुग ने भाजपा नेताओं को आवश्यक मार्गदर्शन दिया।

माओवादी आत्मसमर्पण

नारायणपुर जिले में आज दंडकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी के तीन हथियारबंद माओवादी सहित अट्ठाईस माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया है। इनमें उन्नीस महिला माओवादी भी शामिल है। इन माओवादियों ने बस्तर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी. और नारायणपुर के पुलिस अधीक्षक सहित वरिष्ठ अधिकारियों के सामने आत्मसमर्पण किया। पुलिस महानिरीक्षक ने बताया कि आत्मसमर्पण करने वाले सभी माआवादियों पर कुल नवासी लाख रूपये का इनाम घोषित था।

शीतलहर–दिशा/निर्देश

प्रदेश में बढ़ती ठंड और शीतलहर को ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने आवश्यक दिशा–निर्देश जारी किए हैं। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने कहा है कि शीतलहर के दौरान लोग आवश्यकता होने पर ही घर से बाहर निकलें और यात्रा करने से बचें। ठंड से बचाव के लिए गर्म कपड़ों का उपयोग करें। अत्यधिक कंपकंपी, उंगलियों में पीलापन या सफेदपन और सुन्नता जैसे लक्षण होने पर तुरंत चिकित्सक से संपर्क करें। उन्होंने विशेष रूप से बच्चों और बुजुर्गो को इस मौसम में अतिरिक्त सावधानी बरतने की सलाह दी है।

ऊर्जा संरक्षण–चित्रकला प्रतियोगिता

केंद्रीय विद्युत मंत्रालय द्वारा ″ऊर्जा दक्षता ब्यूरो″ राष्ट्रीय जागरूकता अभियान के तहत देशभर में ″ऊर्जा संरक्षण″ को बढ़ावा दिया जा रहा है। इसी कड़ी में आज दुर्ग में स्कूली छात्र–छात्राओं के लिए राज्य स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उर्जा मंत्रालय के पीजीसीआईएल नोडल अधिकारी आर.पी. साहू ने बताया कि यह प्रतियोगिता दो श्रेणियों में आयोजित की गई, जिसका विषय एक गृह, एक अवसर = ऊर्जा बचाएं और ऊर्जा संरक्षण, मेरी जिम्मेदारी, हमारा भविष्य रहा। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता में प्रदेशभर के सौ विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया।

एसबीआई–श्रम संहिता

भारतीय स्टेट बैंक–एसबीआई ने कहा है कि नई श्रम संहिताओं के कार्यान्वयन से अर्थव्यवस्था को उल्लेखनीय बढ़ावा मिलेगा और देश में बेरोजगारी दर में कमी आएगी। बैंक की एक रिपोर्ट के अनुसार नए श्रम संहिताओं से बेरोजगारी दर में एक दशमलव तीन प्रतिशत तक की कमी आ सकती है। इससे सतहत्तर लाख अतिरिक्त रोजगार सृजित होंगे। रिपोर्ट में बताया गया है कि इस महीने की इक्कीस तारीख से लागू हुई नई श्रम संहिताओं के कार्यान्वयन से श्रम बल में नियमित रोजगार की हिस्सेदारी कम से कम पंद्रह प्रतिशत बढ़ जाएगी।

नये श्रम कानून महिलाओं के सशक्तिकरण के लिहाज से भी महत्वपूर्ण है। छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले की भारतीय मजदूर संघ की महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष पूर्णिमा साहू ने नये श्रम संहिता को महिलाओं के हित में बताया है।

संविधान दिवस

राष्ट्र कल संविधान दिवस मनाएगा। इस वर्ष के समारोह का विषय "हमारा संविधान–हमारा स्वाभिमान" है। मुख्य समारोह नई दिल्ली स्थित संविधान सदन के केंद्रीय कक्ष में आयोजित किया जाएगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, केंद्रीय मंत्री और सांसद इस कार्यक्रम में शामिल होंगे।

इफ्फी–प्रीमियर

गोवा में आयोजित छप्पनवें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव के सिनेमा ऑफ़ द वर्ल्ड समूह में आज रूस की फिल्म ट्रांसपेरेंट लैंड्स का प्रदर्शन किया गया। दिमित्री डेविडोव द्वारा निर्देशित और मैक्सिम डोब्रोमिस्लोव द्वारा निर्मित यह फिल्म तीन बुजुर्ग पुरुषों की कहानी है, जो एक वीरान गांव के आखिरी निवासी हैं और कठिनाइयों का सामना करते हुए अपना जीवन व्यतीत करने की कोशिश करते हैं।

## रायगढ़–करियर मार्गदर्शन कार्यक्रम

रायगढ़ के रामलीला मैदान में कल करियर मार्गदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सुपर–थर्टी के संस्थापक पद्मश्री आनंद कुमार शामिल हुए। उन्होंने विद्यार्थियों को सफलता, संघर्ष, लक्ष्य और मेहनत का प्रेरक मंत्र दिया। उन्होंने कहा कि युवा करियर निर्माण के लिए योजनाबद्ध तरीके से आगे बढें।

वहीं, वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी ने जिले के सौ से अधिक मेधावी विद्यार्थियों को पांच–पांच हजार रुपये का स्वेच्छानुदान देने की घोषणा की।

कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग में चयनित, गोल्ड मेडलिस्ट, उत्कृष्ट छात्र–छात्राओं और आईआईटी में चयनित कई प्रतिभाओं का सम्मान किया गया।

## तारा साहू–बीसी सखी अवार्ड

दुर्ग जिले की नंदिनीखुर्दनी ग्राम पंचायत की तारा साहू को 'उत्कृष्ट बीसी सखी अवार्ड' से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान उन्हें ग्रामीण स्तर पर बेहतर बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रदान किया गया है। कल रायपुर में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यशाला में राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन–एसआरएलएम के मिशन संचालक ने यह सम्मान प्रदान किया।

<><><><><><>